स्वाधीनता दिवस एवं शाखा स्थापना दिवस के
आयोजन की एक विशेष विवरण

गत 15 अगस्त 2017 को मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की स्थापना दिवस एवं 71वाँ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम मनाया गया, उनकी एक संक्षिप्त जानकारी सभी सदस्यों को प्रषित कर रहे है :

इस कार्यक्रम के आयोजन करने हेतु हमने आठगांव चाबिपूल प्राथमिक विद्यालय परिषर को चुना एवं विद्यालय में आवश्यकता अनुसार कुछ नवीनिकरण का कार्य करवाया गया। जो निम्न प्रकार है,

विद्यालय में बच्चों के लिए 2 (दो) शौचालय बनवाया गया एवं शिक्षकों के लिए 1 (एक) शौचालय बनवाया गया। जो सम्पूर्ण नया बनवाया गया। यह शौचालय बनाने का कार्य हमने श्री अरविन्दजी सराफ को दिया और सराफजी ने 3 (तिनों) शौचालय अपनी तरफ से बनाया। विद्यालय के दोनों भवन में, नये बनवाये गये शौचालय में रंग–रोगन का कार्य करवाया गया। जो यह कार्य शाखा ने श्री अमरचन्दजी कलानी द्वारा करवाया। इन कार्य के लिये शाखा को कोई भी खर्च बहन नही करना पड़ा।

विद्यालय में पिने के पानी के लिए एक Water Iron Removal Plant लगाया गया जो इस का कुल खर्च 24,200/– आया है। इस खर्च में श्री विजय भिमसरीया ने 18,000/– एवं श्री रतन कुमार अग्रवाल ने 6,200/– बहन किया। साथ ही **जे.सी.आई.** क्लब द्वारा **आरओ मसिन** भी लगवाया गया। पानी बोईरिगँ से कम पानी आने के कारन बोईरिगँ को साफ करवा गया।

विद्यालय में एक स्टील की आलमारी लाजो ऐजेन्सी के श्री अमितजी खेमका द्वारा दी गई।
2 (दो) डस्टविन एवं 2 (दो) प्लास्टिक की झाड़ू श्री उमाशंकरजी गट्टानी द्वारा पाया गया।
15 (पंद्रह) प्लास्टिक की कुंसी (चेयर) पोलिकोन इण्डस्ट्रीज के श्री प्रमोदजी अग्रवाल ने दिये।
बच्चो को उपहार स्वरूप छाता दिया गया (मोठ 50 छाता) गुप्तदान आया।

विद्यालय परिषद में हरियाली हेतु पौधे लगाने का कार्य किया गया। यह पौधे हमारे परिणय बंधन समिति के सदस्य श्री प्रदीप जाजोदिया द्वारा किया गया। इन सभी सामानों के अलावा भी विद्यालय को कुछ अन्य सामान कि आवश्यकता थी, कक्षा के लिये एक धड़ी, 2 टेबल, कचड़ा उठाने के लिये 2 तगाड़ी, 1 बेलचा, यह सभी सामान अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा दिया गया।

स्थापना दिवस एवं 71 स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम मे विद्यालय के सभी बच्चों को नास्ते के पेकेट, पानी, चोकलेट, लिचि जूस एवं छाता दिया गया। वहाँ उपस्थित सभी अतिथि एवं शाखा सदस्यों को नास्ता एवं लिचि जूस दिया गया।